श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
03.11.2026
कार्तिक कृष्णपक्ष नवमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 70

सूर्योदय-सूर्यास्त

उदय - 05:58 बजे
अस्त - 05:18 बजे

तापमान

अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 20 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com | गढ़वा में बनेगी वन हेल्थ व्यवस्था >> पेज 03 | 'रामायण' में लक्ष्मण बने रवि दुबे >> पेज 05

सुविचार

कुछ न करने के लिए समय निकालना अक्सर हर चीज को परिप्रेक्ष्य में लाता है।

न्यूज अपडेट्स

विदेश में छिपे झारखंड के दो मोस्टवांटेड गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी

रांची। झारखंड में संगठित अपराध और रंगदारी के सिंडिकेट को ध्वस्त करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के दो सबसे बड़े सिरदर्द बन चुके गैंगस्टरों राहुल सिंह और राहुल दुबे के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। आईजी अभियान नरेंद्र सिंह ने इस कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि की है। ये दोनों अपराधी फिलहाल विदेशों में छिपे हैं और वहीं से डिजिटल माध्यमों के जरिए झारखंड में जबरन वसूली, धमकी और गोलाबारी का नेटवर्क ऑपरेट कर रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि राहुल सिंह और राहुल दुबे विदेश में सुरक्षित बैठकर स्थानीय गुर्गों, शूटरों और हथियार सप्लायरों को निर्देश देते थे। इनके निशाने पर मुख्य रूप से झारखंड के बड़े कारोबारी, कोयला व्यापारी, ठेकेदार और कंस्ट्रक्शन कंपनियां रहती हैं। रंगदारी (लेवी) नहीं देने पर ये अपराधी साइटों पर फायरिंग करवाकर दहशत फैलाते थे। सीधे तौर पर पुलिस की पहुंच से दूर होने के कारण ये अब तक बच रहे थे, लेकिन रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अब अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां इन्हें दबोचने में भारत की मदद करेंगी। राहुल सिंह कभी झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह का मुख्य सिपहसालार हुआ करता था। मार्च 2025 में पुलिस मुठभेड़ में अमन साहू के मारे जाने के बाद राहुल सिंह ने इस गिरोह की कमान अपने हाथों में ले लिया। वर्तमान में उसका नेटवर्क रांची, रामगढ़, पलामू, बोकारो, चतरा, हजारीबाग और लातेहार जैसे कई औद्योगिक और कोयलांचल जिलों में फैला हुआ है।

सीईजेआई सूर्यकांत ने बाबा बैद्यनाथ का किया जलाभिषेक, राज्यस्तरीय विधिक सेवा शिविर का किया उद्घाटन

न्याय प्रणाली का व्यवहार अस्पताल की तरह हो संवेदनशील : सीईजेआई सूर्यकांत

देवघर। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बाबा नगरी देवघर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके बाद देवघर सिविल कोर्ट परिसर में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का उद्घाटन किया। इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने, पीड़ितों को आर्थिक बल देने और पात्र लाभुकों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की पहल की गई। सीजेआई सूर्यकांत ने न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुखी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कानूनी सहायता के लिए अदालतों और सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े, बल्कि विधिक सेवा प्राधिकरण खुद उनके दरवाजे तक पहुंचे।

उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली का व्यवहार अस्पताल की तरह संवेदनशील होना चाहिए, जहां मरीज को सांत्वना के साथ इलाज मिलता है। इसी तरह न्यायिक व्यवस्था में भी जरूरतमंदों को भरोसा और अपनापन महसूस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक पिछड़ेपन के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की मूल भावना का उल्लेख करते हुए सीजेआई ने कहा कि कानूनी सहायता व्यवस्था को केवल आवेदन मिलने तक सीमित



नहीं रहना चाहिए। लीगल सर्विस अथॉरिटी, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) को सक्रिय होकर जरूरतमंदों तक पहुंचना होगा।

साधनहीन और अशिक्षित व्यक्ति से यह उम्मीद करना उचित नहीं है कि वह कानूनी मदद के लिए शहर आए और कार्यालयों के चक्कर काटे। विधिक सहायता कार्यकर्ताओं को पीड़ितों के घर जाकर उनकी समस्याएं समझनी चाहिए और समाधान के लिए जरूरी मदद उपलब्ध करानी चाहिए। न्यायपालिका और स्वास्थ्य सेवा के बीच समानता बताते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर या नर्स के सांत्वना भरे शब्द मरीज को काफी राहत देते हैं। इसी तरह न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों के व्यवहार में भी संवेदनशीलता और अपनापन होना चाहिए। तालुका अदालतों से लेकर जिला और उच्च न्यायालयों तक समाज के कमजोर वर्गों, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों के लिए न्याय के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए।

सीजेआई ने विधिक सेवा कार्यकर्ताओं को आम लोगों से उनकी स्थानीय भाषा और बोली में संवाद करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि जब तक वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भाषा में उनकी समस्याएं नहीं सुनी जाएंगी, तब तक न्याय व्यवस्था और आम जनता के बीच की दूरी कम नहीं होगी। कानूनी औपचारिकताओं से आगे बढ़कर लोगों की बात समझना और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देना जरूरी है। इसके पूर्व देवघर पहुंचने के बाद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद तीर्थ पुरोहित विधिवत संकल्प कराया और उन्हें गर्भगृह में ले गए।

गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभी के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के बाद उन्होंने मंदिर परिसर स्थित माता पार्वती मंदिर में भी शीश नवाया और पूजा की। बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत देवघर सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर में शामिल हुए। झालसा की ओर से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा) के मॉड्यूल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक सहायता और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजेआई सूर्यकांत उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एस. चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह शामिल हुए। वहीं, झारखंड उच्च न्यायालयके न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की भी उपस्थिति रही। न्यायपालिका के शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस शिविर में कानूनी जागरूकता, जरूरतमंदों को विधिक सहायता और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इन क्लिनिकों का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि जानकारी और संसाधनों के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों और विपरीत परिस्थितियों से प्रभावित पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही जरूरतमंद बच्चों और पात्र लाभुकों को ह्याप्रोजेक्ट शिशुह्न के तहत आवश्यक सहायता सामग्री एवं कल्याणकारी लाभ प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे लोगों को आर्थिक और सामाजिक संबल देना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करना है। शिविर में विधिक सहायता, पीड़ितों को आर्थिक राहत, बच्चों के कल्याण और सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण को एक मंच पर लाया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि न्याय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर में न्यायिक सहायता और सामाजिक कल्याण के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना एवं उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना इस पहल का प्रमुख उद्देश्य रहा।

सीजेआई सूर्यकांत ने झारखंड उच्च न्यायालय के डेटा सेंटर का किया उद्घाटन



रांची। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत सोमवार की रात रांची के धुर्वा स्थित झारखंड उच्च न्यायालय पहुंचे। यहां उन्होंने 35 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। इस डेटा सेंटर से झारखंड उच्च न्यायालय के साथ राज्य की अधीनस्थ अदालतों का डिजिटल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। डिजिटल रिकॉर्ड की सुरक्षा, न्यायिक सूचनाओं तक आसान पहुंच और न्यायिक कामकाज में तकनीक के बेहतर इस्तेमाल की दिशा में इसे अहम पहल माना जा रहा है। इस मौके पर उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर, न्यायाधीश अपरेश सिंह और झारखंड उच्च न्यायालय से चीफ जस्टिस एमएस सोनक, जस्टिस आनंद सेन मौजूद रहे। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने सीजेआई सूर्यकांत को पौधा देकर अभिवादन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस सोनक ने कहा कि डेटा सेंटर के उद्घाटन के मौके पर सीजेआई का मौजूद होना, गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कहा कि आज की बचत भविष्य को सुरक्षित बनाती है, लेकिन डेटा में इतिहास सुरक्षित रहता है। साथ ही उन्होंने कहा झारखंड के दो लाल न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश अपरेश सिंह उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश हैं। उद्घाटन समारोह में हाईकोर्ट और जिला अदालतों के लिए आइओएस मोबाइल एप तथा ऑनलाइन सर्टिफाइड कॉपी मॉड्यूल भी लॉन्च की गई। इससे न्यायिक सेवाओं को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। अधिवक्ताओं के लिए पर्सनलाइज्ड कॉज लिस्ट की सुविधा भी शुरू होगी। इसके साथ ही सीजेआई ने झारखंड हाईकोर्ट की नई आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की। इसके अलावा ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट सॉफ्टवेयर कीट भी लॉन्च किया गया। सीजेआई ने कहा कि ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट से ज्यूडिशियल ऑफिसर को ऑर्डर, जजमेंट या अन्य डॉक्यूमेंटेशन में सहूलियत मिलेगी। डिजिटल सिस्टम से जस्टिस सिस्टम को बल मिलेगा, इससे न्याय में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। जस्टिस आनंद सेन ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

ये हैं छह प्रमुख डिजिटल सुविधाएं

- नई वेबसाइट : उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ और आधुनिक वेब पोर्टल।
- ऑनलाइन प्रमाणित प्रति आवेदन : घर बैठे प्रमाणित प्रतियों के लिए आवेदन की सुविधा।
- आईओएस मोबाइल ऐप : आईफोन यूजर्स के लिए -केस स्टेटस, फैसले और कॉज लिस्ट देखने की सुविधा।
- पर्सनलाइज्ड कॉज लिस्ट : अधिवक्ताओं के लिए अपनी कॉज लिस्ट सुरक्षित रखने का विकल्प।
- ड्रैगन स्पीच-टू-टेक्स्ट सॉफ्टवेयर : न्यायिक अधिकारियों के लिए बोलकर आदेश/फैसले ड्राफ्ट करने की सुविधा।
- सुप्रीम टुडे एआई सॉफ्टवेयर : जटिल कानूनी शोध को आसान बनाने के लिए एआई आधारित सॉफ्टवेयर।

चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का यहां भी पड़ेगा प्रभाव

आज व कल झारखंड में बारिश के आसार

रांची। पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'मुरासु' के प्रभाव से तीन और चार नवंबर को झारखंड के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी।



मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान मुरासु पूर्व में आए तूफान अर्नब की तुलना में कमजोर है। यह फिलहाल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। तूफान चेन्नई (तमिलनाडु) से लगभग 200 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व, नेल्लोर (आंध्र प्रदेश) से 210 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, मछलीपट्टनम से 270 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, कावली से 220 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व और ओंगोल से 260 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

इसके उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और सोमवार मध्यरात्रि से मंगलवार तड़के के बीच नेल्लोर और नरसापुर के बीच दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तट को पार करने की प्रबल संभावना है। इस दौरान हवा की गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने तथा झोंकों के साथ 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है।

इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान भी लातेहार में 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इसके कारण दिन में उमस और गर्मी महसूस की गई। हालांकि, बादलों के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 23.2 डिग्री, डाल्टनगंज में 31 और 22.3 डिग्री, बोकारो में 29.5 और 23.1 डिग्री तथा चाईबासा में 31 और 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी मामले में राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर आठ हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगे जाने पर यह जुमार्ना लगाया। अदालत ने जुमार्ने की राशि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) में जमा करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी। इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रतिवादी संख्या दो यानी मुख्यमंत्री को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। उस दौरान भी समय मांगे जाने पर अदालत ने 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया था। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखा। दरअसल, यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने ईडी के तत्कालीन अधिकारियों कपिल राज, देवव्रत झा और अन्य पर पूछताछ एवं कार्रवाई के दौरान कथित रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी पर मीडिया के माध्यम से भ्रम फैलाकर उनकी छवि खराब करने का आरोप भी लगाया था। मुख्यमंत्री की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए ईडी अधिकारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। याचिका में प्राथमिकी के साथ-साथ इसके आधार पर चल रही जांच और पूरी कानूनी कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की गई है। मामले में अब नौ दिसंबर को अगली सुनवाई होगी।

अहिरपुरवा काली मंदिर छठ घाट पर धूमधाम से होगा छठ महापर्व का आयोजन, कमेटी गठित



अशोक चंद्रवंशी अध्यक्ष, गुलाब पासवान सचिव व उज्ज्वल विश्वकर्मा उपसचिव व मीडिया प्रभारी बने

बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : शहर के अहिरपुरवा स्थित काली मंदिर छठ घाट पर लोक आस्था का महापर्व छठ धूमधाम से मनाने को लेकर सोमवार की सुबह ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से छठ महापर्व को बेहतर व्यवस्था व उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पिछले वर्ष के आयोजन के आय-व्यय विवरण भी उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।बैठक के दौरान आयोजन को सफल बनाने को लेकर कोर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अशोक चंद्रवंशी को अध्यक्ष, गुलाब पासवान को सचिव, रविरंजन तिवारी को उपाध्यक्ष, उज्ज्वल विश्वकर्मा को उपसचिव सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं संतोष ठाकुर, राकेश कुमार, विवेकानंद विश्वकर्मा, राजेंद्र साह, अनिल दास, सुमित मेहता, शंभू राम और अजय पासवान को संरक्षक बनाया गया। जबकि नमो नारायण शुक्ल को पूजा प्रभारी बनाया गया। बैठक में न्यू ज्योति क्लब के सदस्यों ने कहा कि काली मंदिर छठ घाट पर अहिरपुरवा गांव के अलावा जंगीपुर, धमनी सहित आसपास के क्षेत्रों और दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में छठ व्रती भगवान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाट की साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सदस्यों ने महापर्व को सफल बनाने के लिये आपसी सहयोग और बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।बैठक में विकास कुमार, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, अजय विश्वकर्मा, सचिन कुमार, पुष्परंजन तिवारी, खुशदील कुमार, जयप्रकाश पासवान, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर 4 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर बैठक

गढ़वा : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गढ़वा जिला प्रशासन मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने में जुटा है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने बताया कि 4 नवंबर को राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए-2 की पांचवीं बैठक आयोजित की जायेगी। इसी दिन चुनाव पाठशाला की भी पांचवीं बैठक होगी। इस दौरान प्रपत्र-2 में अंकित नोटिस एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले मतदाताओं की नामवार सूची प्रकाशित की जायेगी। उक्त सूची को बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक और चुनाव पाठशाला में उपस्थित सदस्यों के साथ आम नागरिकों के समक्ष पढ़कर सुनाया जायेगा। इस दौरान बीएलए-2 और आम लोगों से संबंधित मतदाताओं के बारे में आवश्यक जानकारी, सुझाव और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए और कोई अपात्र अथवा विदेशी नागरिक मतदाता सूची में शामिल न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित तिथि पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और संबंधित बीएलए-2 की बैठक आयोजित कराने के लिये आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर चुनाव पाठशाला की बैठक भी आयोजित कराने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही, अद्यतन और त्रुटिरहित तरीके से दर्ज करना है। इससे आगामी चुनावों के लिए एक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी।

गढ़वा जलवायु अनुकूल खेती के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

सरसों उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके बताये

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : जलवायु अनुकूल कृषि में दलहन एवं तिलहन फसलों के समेकित पोषक तत्व प्रबंधन को लेकर सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा के प्रशिक्षण भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआर-केंद्रीय बरानी अनुसंधान संस्थान हैदराबाद द्वारा संपोषित तथा आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-4 के निदेर्शानुसार निकरा परियोजना के तहत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक सह निकरा परियोजना के को-पीआई डॉ बंधनु उरांव तथा मृदा वैज्ञानिक सह को-पीआई डॉ मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये निकरा परियोजना के वरिष्ठ शोध अध्येता नवलेश कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान नवलेश कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले में सीमित सिंचाई संसाधन और वर्षा पर निर्भरता को देखते हुये रबी मौसम में सरसों की वैज्ञानिक खेती किसानों के लिये बेहतर आर्थिक विकल्प हो सकती है। उन्होंने खेत की तैयारी, उन्नत किस्मों के चयन, बीज दर, बीज उपचार, बुआई की विधि और समय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह ने किसानों को सरसों की बुआई से पहले मिट्टी की जांच कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। जल प्रबंधन पर चर्चा करते हुये किसानों को बताया गया कि सीमित सिंचाई वाले क्षेत्रों में बुआई के 20 से 25 दिन बाद पहली सिंचाई महत्वपूर्ण है। जल उपलब्धता के अनुसार 50 से 55 दिन बाद दूसरी सिंचाई की जा सकती है। खेत में नमी बनाये रखने के लिये मेड़बंदी, मल्चिंग तथा ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई अपनाने पर भी जोर दिया गया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ बंधनु उरांव ने किसानों को जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी। मौके पर केंद्र के सहायक सियाराम पाण्डेय, कृष्ण कुमार चौबे, अमित बैठा, राकेश रंजन चौबे, सुनील कुमार, प्रगतिशील किसान बृजकिशोर महतो, कुंदन राम, अशोक राम तथा तेनार गांव के किसान उपस्थित थे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में ममता कुमारी प्रथम



गढ़वा : राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के जिला स्तरीय कार्यक्रम में आरकेवीएस संस्थान की छात्रा ममता कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से संस्थान परिवार में खुशी का माहौल है। ममता कुमारी की सफलता पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गढ़वा के चेयरमैन अलखनाथ पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रा की मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है। विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये, क्योंकि इससे उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। शिक्षा के साथ कला, संस्कृति, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व मजबूत होता है। उन्होंने ममता की सफलता को अन्य विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक बताते हुये सभी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। संस्थान के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पाण्डेय ने भी ममता कुमारी को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में संस्थान की ओर से खुशनुमा, आकांक्षा पाठक सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। शिक्षक राजन चौबे, सतीश तिवारी, रितेश जायसवाल, वीणा तिवारी, रंजना कुमारी, डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने ममता की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुये उन्हें शुभकामनाएं दीं।

बीडीओ 15 किमी पैदल सेमरी पहुंचे, समस्याएं देखी



बरडीहा : बीडीओ सह सीओ प्रवीण सिंह ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपने आवास से पूरे प्रशासनिक दल-बल के साथ पैदल 15 किलोमीटर की दूरी तय कर सेमरी गांव पहुंचे। रास्ते में ग्रामीणों से मिलते-जुलते हुये वे गांव पहुंचे, जहां विशाल जनसमूह के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर स्थानीय समस्याओं और जमीनी हकीकत का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की मांग पर तीन अत्यंत आवश्यक और जर्जर सड़कों के निर्माण के लिये योजनाओं का चयन किया गया। ये सड़कें अब तक कच्ची थीं। पहली बार इनके पक्कीकरण से ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी। वहीं नावाडीह विद्यालय जाने वाली जर्जर और गड्ढों से भरी सड़क को जीएसबी योजना के तहत दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। एक टोले के पास गहरा नाला पार करने में हो रही परेशानी को देखते हुये मुखिया और पंचायत समिति को मौके पर ही पुलिया निर्माण की योजना लेने को कहा गया।ग्रामीणों ने शिकायत की कि पशुपालन विभाग की ओर से इस वर्ष जून में वितरित की गई बकरियों को सप्लायर वापस ले गया है। इस पर प्रशासन ने मामले की आवश्यक जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। भ्रमण के दौरान नहर के दोनों तरफ करीब 20 खूंटे गाड़कर रास्ता अवरुद्ध करने का मामला सामने आया। प्रशासन ने मौके पर ही खूंटे उखड़वा दिये और संबंधित व्यक्ति को सड़क पर रखे शेष गोबर को 24 घंटे के भीतर हटाने का अल्टीमेटम दिया। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेमरी (पीएम श्री विद्यालय) की जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा मवेशी बांधने और विद्यालय की खिड़की तक अतिक्रमण करने का मामला भी सामने आया। प्रशासन के अनुसार हाल सर्वे में भी उक्त जमीन विद्यालय के नाम दर्ज है। संबंधित व्यक्ति को दो दिनों के भीतर जमीन से जुड़े कागजात के साथ उपस्थित होने की चेतावनी दी गई। भ्रमण के दौरान एक गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्ति से मुलाकात हुई। बताया गया कि उनकी आंखें खराब हो चुकी हैं, नाक बंद है और शरीर बुरी तरह जल चुका है। मौके पर बीडीओ प्रवीण सिंह ने कल्याण विभाग से हरसंभव सहायता दिलाने, दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने और पेंशन का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं एक अनाथ बालक के मामले में मुखिया को उसके आवश्यक कागजात तैयार कर जल्द आगे की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया।

फोरलेन के लिए तोड़े गये मकान, रैयतों ने मुआवजे पर उठाया सवाल



मेदिनीनगर। भारतमाला परियोजना के तहत रांची से विंढमगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। परियोजना के द्वितीय चरण में लातेहार जिले के उदयपुरा से मेदिनीनगर सदर प्रखंड क्षेत्र के भोगू गांव तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अधिग्रहित भूमि के अधिकांश हिस्सों में सड़क निर्माण कार्य भी जारी है। इसी परियोजना के तहत पलामू के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के 22 गांवों में भी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। हालांकि, दुलसुलमा, दुलसुलमी, जोड़ा, पोंची, रजडेरवा, शाहगंज, खामडीह और शंभूचक गांवों के कई रैयतों ने अपनी जमीन पर बनी संरचनाएं अब तक खाली नहीं की थीं। ऐसे में मुआवजा प्राप्त कर चुके रैयतों की जमीन पर बनी संरचनाओं को सोमवार से हटाने की कार्रवाई शुरू की गयी। सतबरवा सीओ सह प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट विजय कुमार और पुलिस बल की देखरेख में मकानों को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान बबलू ढाबा, महेंद्र प्रसाद और राजेश प्रसाद सहित अन्य मकान मालिकों के मकान तोड़े गये। सीओ विजय कुमार ने बताया कि जिन लोगों की भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है और उस पर बनी संरचनाओं का मुआवजा विभाग की ओर से भुगतान कर दिया गया है, उन्हें जमीन खाली करने के लिए कहा गया। इस संबंध में लाउडस्पीकर के माध्यम से भी सूचना दी गयी थी। कुछ लोगों के मामले एलए कोर्ट में चल रहे हैं। इसके बावजूद सड़क निर्माण कार्य नहीं रोका जा सकता है। मौके पर सतबरवा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, अमीन नंदकिशोर प्रजापति, राजस्व कर्मचारी परमेंद्र उरांव और एनएचएआई के धीरज मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।दुलसुलमी गांव के मकान मालिक महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, सुनील कुमार और बबलू प्रसाद ने आरोप लगाया कि फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित उनके मकानों का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। इसके बावजूद विभाग की ओर से मकान तोड़े जा रहे हैं। सुनील कुमार की पत्नी ने बताया कि अब तक उन्हें जमीन के मुआवजे के रूप में मात्र दो लाख रुपये मिले हैं, जबकि मकान का मुआवजा नहीं दिया गया है। महेंद्र प्रसाद और राजेश प्रसाद ने बताया कि विभाग की ओर से उनके दो मंजिला मकान का मुआवजा दिया गया है, लेकिन तीसरी मंजिल का मुआवजा अब तक नहीं मिला है। इसके बावजूद उनके मकान तोड़े जा रहे हैं।

गृह रक्षक नव नामांकन प्रखंडवार सूची जारी

10 नवंबर तक दावा आपत्ति दर्ज करा सकेंगे

बंशीधर न्यूज



गढ़वा : डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित जिला चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में गृह रक्षक नव-नामांकन के लिये विज्ञापन संख्या 01/2025 प्रकाशित किया गया था। इसके तहत जैप आईटी द्वारा उपलब्ध कराये गये आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से 26 दिसंबर 2025 से 24 जनवरी 2026 तक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों और उनके साथ संलग्न प्रमाण-पत्रों के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरणों की कंप्यूटर में प्रविष्टि की गई है। जिला चयन समिति के निर्णय के अनुसार, इन प्रविष्टियों की प्रखंडवार एक्सेल सूची गढ़वा जिला के आधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित कर दी गई है। जिला प्रशासन के अनुसार प्रकाशित सूची में किसी अभ्यर्थी को अपने मूल आवेदन में भरे गये विवरण अथवा पहले से संलग्न प्रमाण-पत्रों के अनुरूप कोई अंकनीय या टंकण संबंधी त्रुटि दिखाई देती है, तो वह निर्धारित समय-सीमा के भीतर साक्ष्य सहित दावा-आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके लिये 1 नवंबर से 10 नवंबर 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। अंतिम तिथि को अपराह्न पांच बजे तक ही दावा-आपत्ति स्वीकार की जायेगी। दावा-आपत्ति केवल संबंधित प्रखंड के लिये निर्धारित ई-मेल आईडी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। प्रखंडवार ई-मेल आईडी का विवरण गढ़वा जिला की आधिकारिक वेबसाइट तथा जैप आईटी के पोर्टल पर उपलब्ध है। दावा-आपत्ति के साथ त्रुटि के समर्थन में आवश्यक साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि केवल उन्हीं विवरणों में सुधार का अनुरोध स्वीकार किया जायेगा, जिनकी जानकारी मूल आवेदन में दी गई थी अथवा जो पहले से संलग्न प्रमाण-पत्रों से प्रमाणित होती है। आवेदन के साथ पूर्व में संलग्न नहीं किये गये नये प्रमाण-पत्र या अन्य कागजात दावा-आपत्ति के दौरान स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निर्धारित समय के बाद या ई-मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद योग्य अभ्यर्थियों के लिये गृह रक्षक नव-नामांकन की अगली प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत शारीरिक जांच परीक्षा, लिखित परीक्षा, तकनीकी परीक्षा और दक्षता परीक्षा का आयोजन दिसंबर 2026 में संभावित है। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से प्रखंडवार सूची का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने और आवेदन से संबंधित किसी भी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित समय-सीमा के भीतर साक्ष्य सहित दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है।

बीडीएसयू में आईटीआई और स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू, पहले बैच का स्वागत



बंशीधर न्यूज

गढ़वा : बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (बीडीएसयू), गढ़वा में सोमवार को प्रथम निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं स्किल डेवलपमेंट सेंटर का शुभारंभ वीसी प्रो. डॉ. एमके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रथम बैच के विद्यार्थियों का स्वागत भी किया गया। उस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने अपने संदेश में कहा कि गढ़वा और झारखंड के युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा देकर रोजगार से जोड़ना संस्थान की स्थापना का उद्देश्य है। संस्थान में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत एनसीवीटी अनुमोदित ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। वीसी प्रो. डॉ. एमके सिंह ने कहा कि तकनीकी कौशल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कौशल आधारित शिक्षा वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और अनुशासन का पालन करते हुए नियमित रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने तथा अपने निर्धारित लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। संस्थान के प्राचार्य विकास ठाकुर ने विद्यार्थियों को उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं और विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवा बेहतर भविष्य बना सकते हैं। कुलपति ने कहा कि तकनीकी कौशल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समय प्रबंधन और नियमित प्रशिक्षण पर ध्यान देने की अपील की। प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से संस्थान की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने को कहा। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डॉ. पंकज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में आईटीआई, इंजीनियरिंग और प्रबंधन संकाय के शिक्षक, प्रशिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

न्यूज अपडेट्स

नेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के रौनक ने लहराया परचम, जीता स्वर्ण पदक

मेदिनीनगर : राष्ट्रीय स्तर की कराटे प्रतियोगिता में मेदिनीनगर के संत मरियम स्कूल के बाल खिलाड़ी रौनक कुमार ने अपनी प्रतिभा और दमदार प्रदर्शन से पलामू का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल कराटे चौंपियनशिप में रौनक ने स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में रौनक ने 25 किलोग्राम भार वर्ग की फाइट स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित देश के 18 राज्यों के कराटे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 1 नवंबर को रायपुर के चांदखोरी स्थित श्रीराम राजा माता कौशल्या धाम के सभागार में शोतो-कान स्पोर्ट्स कराटे डू इंडिया एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। रौनक की इस शानदार सफलता से संत मरियम स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रौनक की सफलता को पलामू के उभरते खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।

गढ़वा संक्रामक-पशुजनित बीमारियों पर लगाम की तैयारी

गढ़वा में बनेगी वन हेल्थ व्यवस्था

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : जिले में संक्रामक एवं पशुजनित (जूनोटिक) बीमारियों की समयपूर्व पहचान, प्रभावी निगरानी और त्वरित नियंत्रण के लिये जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसी कड़ी में समाहरणालय सभागार में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन हेल्थ समिति एवं जिला संयुक्त प्रकोप प्रतिक्रिया दल (डीजॉर्ट) के गठन और क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई। इसमें वन हेल्थ की अवधारणा को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने से संबंधित प्रस्तावों और कार्य योजना को मंजूरी दी गई। बैठक में जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार मिश्रा ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वन हेल्थ की अवधारणा, राष्ट्रीय वन हेल्थ कार्यक्रम, जिले की महामारी निगरानी व्यवस्था, हाल के संक्रामक रोगों के प्रकोप तथा डीजॉर्ट की संरचना एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि वन हेल्थ एक बहुक्षेत्रीय व्यवस्था है, जिसके तहत मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को आपस में जुड़ा मानकर बीमारियों की रोकथाम, पहचान और नियंत्रण के लिए विभिन्न विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके



तहत रेबीज, लेप्टोस्पायरोसिस, स्क्रब टाइफस, एंथ्रेक्स, ब्रुसेलोसिस, वेक्टर जनित तथा जल एवं खाद्य जनित बीमारियों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

विभिन्न बीमारियों के 12 प्रकोप दर्ज

आईएचआईपी/आईडीएसपी पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार जिले में सिंड्रोमिक निगरानी के तहत 3,098 प्रिजम्प्टिव निगरानी में 1,564 मामले दर्ज किये गये हैं। वहीं प्रयोगशाला जांच के तहत 955 व्यक्तियों के कुल 1,011 नमूनों की जांच हुई, जिनमें 49 नमूने पॉजिटिव पाये गये। वर्ष 2026 में जिले में विभिन्न बीमारियों के कुल 12 प्रकोप दर्ज किये गये, जिनमें 80 मामले और तीन मौतें हुईं। इनमें लेप्टोस्पायरोसिस, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनपॉक्स, संदिग्ध खाद्य विषाक्तता और अन्य ज्वर संबंधी मामले शामिल हैं। जिले में अब तक दर्ज 1,620 डॉग बाइट के मामलों पर भी गंभीरता जताई गई। रेबीज की रोकथाम, एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता, पशुओं के टीकाकरण और स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग के बीच समन्वय पर जोर दिया गया। राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप डीजॉर्ट को चार विशेष टीमों में संगठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इनमें खाद्य एवं जल जनित रोग नियंत्रण टीम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण टीम, टीकाकरण से रोके जा सकने वाले रोगों की निगरानी टीम और जूनोटिक रोग नियंत्रण टीम शामिल हैं। इन टीमों के माध्यम से खाद्य विषाक्तता, डायरिया, हैजा, टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, खसरा-रूबेला, पोलियो, डिप्थीरिया, रेबीज, स्क्रब टाइफस और अन्य संबंधित बीमारियों की निगरानी एवं नियंत्रण किया जायेगा। टीमों में स्वास्थ्य विभाग के साथ पशुपालन, कृषि, वन एवं वन्यजीव, पेयजल एवं स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा तथा पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिये आपसी समन्वय जरूरी : डीसी

डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी देते हुये कहा कि मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। इसलिये बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये सभी संबंधित विभागों का आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी संभावित रोग प्रकोप की सूचना संबंधित विभागों के बीच तत्काल साझा की जाय और जरूरत पड़ने पर संयुक्त रूप से क्षेत्रीय जांच एवं नियंत्रण की कार्रवाई की जाय। वन हेल्थ व्यवस्था को लागू करने के लिये आगामी 90 दिनों की चरणबद्ध कार्ययोजना बनाई गई है। पहले चरण में जिला स्तरीय समिति एवं डीजॉर्ट की संस्थागत व्यवस्था, विभागीय नोडल पदाधिकारियों का नामांकन और सूचना साझा करने की प्रणाली विकसित की जायेगी। दूसरे चरण में संयुक्त प्रशिक्षण, टेबलटॉप अभ्यास तथा प्रकोप जांच एवं रेफरल व्यवस्था को मजबूत किया जायेगा। तीसरे चरण में संयुक्त क्षेत्रीय अभ्यास, जोखिम संचार और कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी एबिन बेनी अब्राहम, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी अंशुमान राजहंस, सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी, जिला सर्विलांस पदाधिकारी डॉ पुष्पा सहगल, डीएफओ सामाजिक वानिकी चतुरानंद त्रिपाठी, प्रभारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ बारबुडे, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री, डीपीएम गौरव कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

नशामुक्त समाज की शुरूआत अपने घर से करें : स्नेहा ओझा



मेदिनीनगर : नवनिर्माण शक्ति संघ के तत्वावधान में पाटन प्रखंड अंतर्गत जंघासी पंचायत के इमली गांव में नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों महिलाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंचायत की उपमुखिया पूनम सिंह और संघ की अध्यक्ष स्नेहा ओझा मुख्य रूप से उपस्थित थीं। स्नेहा ओझा ने कहा कि नशामुक्त समाज बनाने की शुरूआत अपने घर से करनी होगी। जब तक घर नशामुक्त नहीं होंगे, तब तक गांव और समाज को इस बुराई से मुक्त करना संभव नहीं है। शराब और अन्य नशीले पदार्थ व्यक्ति के साथ पूरे परिवार की खुशियां, आर्थिक स्थिति और बच्चों का भविष्य प्रभावित करते हैं। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठाने तथा अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ पंचायत व प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की पहल करने की अपील की। बसंत दुबे और रामा सिंह ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म किया जा सकता है। आरती कुमारी ने महिलाओं को नशे से दूर रहने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। रूपा पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जल सहिया चिंता देवी, सहिया बसंती देवी, चन्द्रप्रकाश ओझा, मीना सिंह, पूनम देवी, कविता देवी, निरंजना देवी और चंदा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

सतबहिनी झरना तीर्थ में सफाई अभियान 7 को



कांडी : सतबहिनी झरना तीर्थ में समिति के द्वारा महाव्रत छठ को लेकर 7 नवंबर को वृहत सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान समिति के सभी कोटि के सदस्यों व श्रद्धालुओं से अभियान में भाग लेने की अपील की गई है। अभियान की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह विधायक नरेश सिंह करेंगे। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट महा अनुष्ठान के आयोजन को लेकर 7 को वृहत सफाई अभियान चलाये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 2 नवंबर को मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि महाव्रत छठ शुद्धता व संपूर्ण स्वच्छता का पवित्र त्यौहार है। महापर्व के दौरान यहां पर कई सुदूर प्रदेशों व राज्य के विभिन्न जिलों से लाखों की संख्या में छठव्रती, उनके परिजन व दर्शकों का आगमन होता है। इसलिये तीनों छठ घाट, झरना घाटी, यज्ञशाला मैदान, मेला मैदान, दोमंजिला मंदिर परिसर, बड़ा तालाब क्षेत्र आदि की संपूर्ण सफाई आवश्यक है। जिसे हम सभी मिलकर 7 नवंबर को बखूबी पूरा करेंगे। उन्होंने समिति के सभी कोटि के सदस्यों व सभी श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर सतबहिनी के संत हरिदास जी महाराज, नवलकिशोर तिवारी, नंदलाल दुबे, सुदर्शन तिवारी, दीनानाथ प्रसाद आदि मौजूद थे।

भाजपाईयों ने मनाया भानू का 50 वां जन्मदिन



हरिहरपुर : पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही का 50 वां जन्मदिन सोमवार को भाजपा मंडल की ओर से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह के आवास पर जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने शामिल होकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई। उपस्थित कार्यकताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशियां साझा कीं तथा भानू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से पार्टी कार्यकताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है। जन्मदिन समारोह के दौरान कार्यकताओं में काफी उत्साह और उल्लास देखने को मिला। मौके पर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, सूर्यदेव सिंह, जगत किशोर चौबे, मुकेश चंद्र चौबे, शशांक शेखर, निर्मल विश्वकर्मा, दयाशंकर सिंह, दिलीप सिंह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, सुनील यादव, बैजनाथ शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इटको सड़क चौड़ीकरण में एकतरफा जमीन अधिग्रहण का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

अभिमन्यु सिंह ने कोर्ट जाने की भी दी चेतावनी

बंशीधर न्यूज

विश्रामपुर : विश्रामपुर से इटको तक बनने वाली सड़क के चौड़ीकरण में एकतरफा जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ने लगी है। नावाडीह कला, छिपादोहर खुर्द, छिपादोहर कला और विश्रामपुर के ग्रामीणों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए सड़क के दोनों ओर से समान रूप से जमीन अधिग्रहण करने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने विश्रामपुर सीओ को



आवेदन देकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए इस बार कई गांवों में केवल एक तरफ से जमीन ली जा रही है, जबकि पूर्व में हुई मापी के दौरान सड़क के दोनों ओर से जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एकतरफा जमीन लेने से कुछ लोगों को अनावश्यक नुकसान उठाना पड़ेगा। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारियों का यह निर्णय किसी दबाव में लिया गया है, जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में दोनों ओर के लोगों के हितों का ध्यान रखा जाए। यदि एकतरफा अधिग्रहण का निर्णय वापस नहीं लिया गया और दोनों ओर से जमीन नहीं ली गई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बसपा नेता अभिमन्यु सिंह ने भी ग्रामीणों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ने पर सड़क पर आंदोलन करने के साथ इस मामले को न्यायालय तक ले जाया जाएगा।

गीता देवी हत्याकांड के दोषियों को मिले कठोरतम सजा : अविनाश देव



बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड के बसना गांव में दलित महिला गीता देवी की हत्या की घटना पर झामुमो युवा नेता अविनाश देव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने हत्याकांड में शामिल दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। सोमवार को अविनाश देव बसना गांव पहुंचे और मृतका के पति शशि कुमार सहित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। अविनाश देव ने कहा कि दशहरे के दिन हुई यह जघन्य घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। महिलाओं के सम्मान और दलित समाज की सुरक्षा से जुड़ी ऐसी घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल कोई भी दोषी बचना नहीं चाहिए और किसी निर्दोष को बेवजह परेशान भी नहीं किया जाना चाहिए। अविनाश देव ने कहा कि गीता देवी के बच्चों की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। श्राद्ध कर्म संपन्न होने के बाद परिवार और गांव के लोगों से विचार विमर्श कर उनके एक बच्चे को संत मरियम आवासीय विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दिलाने की जिम्मेदारी उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मां को खोने का दर्द बच्चों के जीवन में कभी न भरने वाला खालीपन छोड़ गया है। ऐसे कठिन समय में पीड़ित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। मौके पर झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमित वर्मन, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय, पंडवा प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता, रवि मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

आशीष मंडल रिटायर, सुशांत ने संभाली कमान



गढ़वा : बंशीधर पारसनाथ डीएवी पब्लिक स्कूल फरठिया में शैक्षणिक नेतृत्व के एक बदलाव के तहत निवर्तमान प्राचार्य आशीष कुमार मंडल 31 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुये। वहीं नवनियुक्त प्राचार्य सुशांत कुमार ने पदभार ग्रहण कर विद्यालय की नई जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने निवर्तमान प्राचार्य के योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। साथ ही नये प्राचार्य के नेतृत्व में विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई। आशीष कुमार मंडल ने डीएवी संस्थान में अपने 31 वर्षों के सेवाकाल के दौरान डीएवी गोड्डा, डीएवी पाकुड़, डीएवी महोदा (धनबाद) तथा बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़वा में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुये विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास और विद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार ने उनके अनुभव, मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुये उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। नवनियुक्त प्राचार्य सुशांत कुमार की प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा डीएवी संस्थान में हुई है। उन्होंने एलकेजी से 12 वीं तक की पढ़ाई डीएवी से की है। अपने व्यावसायिक जीवन में उन्होंने कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल और सरला बिरला पब्लिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं दीं। पिछले चार वर्षों से वे दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची में पीजीटी गणित के पद पर कार्यरत थे।

तैयारी छठव्रतियों की राह हुई आसान

छठ घाट जाने वाली सड़क की मरम्मत शुरू

नपं उपाध्यक्ष संध्या देवी ने विधायक अनंत से मिलकर उठाया था मामला

जल्द बनेगी पीसीसी सड़क : संध्या देवी

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : शहर के अहिरपुरवा स्थित काली मंदिर छठ घाट तक पहुंचने वाली जर्जर सड़क की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद नपं उपाध्यक्ष संध्या देवी की पहल पर सड़क मरम्मती का कार्य सोमवार से शुरू हो गया है। छठव्रतियों की परेशानी को देखते हुये नपं की उपाध्यक्ष संध्या देवी ने विधायक अनंत प्रताप देव से मुलाकात कर सड़क की बदहाल स्थिति से उन्हें अवगत कराया था। इसके बाद सोमवार से सड़क पर मिट्टी-मोरम डालकर मरम्मती का काम शुरू कर दिया गया। संध्या देवी ने स्वयं अहिरपुरवा छठ घाट पहुंचीं और अपनी मौजूदगी में मरम्मत कार्य शुरू कराया। सड़क पर जगह-जगह उभरे नुकीले पत्थरों और गड्ढों को भरने का काम किया जा रहा है, ताकि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं और छठव्रतियों को आवागमन में परेशानी न हो।

दंडवत करने वाली व्रतियों की परेशानी को समझती हूं : संध्या देवी

उस मौके पर उपाध्यक्ष संध्या देवी ने कहा कि छठ महापर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि आस्था, शुद्धता और कठिन तपस्या का पर्व है। मैं भी छठ महापर्व करती हूं, इसलिये अच्छी तरह जानती हूं कि व्रत के दौरान कई महिलाएं घर से छठ घाट तक दंडवत करते हुये पहुंचती हैं। ऐसे में सड़क पर बिखरे नुकीले पत्थर और गड्ढे उनके लिये कितनी बड़ी परेशानी पैदा कर सकते हैं, इसका मुझे एहसास है। उन्होंने कहा कि फिलहाल श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नुकीले पत्थरों पर मिट्टी-मोरम डलवाया जा रहा है, ताकि छठ से पहले रास्ता चलने योग्य बन सके। साथ ही जल्द ही इस सड़क का पीसीसी व कालीकरण कराया जायेगा।

ग्रामीणों में खुशी का माहौल

गौरतलब है कि अहिरपुरवा काली मंदिर छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष पांच हजार से अधिक छठव्रती और श्रद्धालु पहुंचते हैं। बदहाल सड़क के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई थी। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। किंतु इस बार नपं उपाध्यक्ष संध्या देवी की पहल पर मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में राहत और खुशी का माहौल है।

डीआईजी से मिले झारखंड चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित जायसवाल

जाम से मुक्ति के लिए ट्रैफिक थाना और डीएसपी की मांग

बंशीधर न्यूज



मेदिनीनगर : शहर में बढ़ते जाम और बिगड़ती यातायात व्यवस्था को देखते हुए अलग ट्रैफिक थाना और ट्रैफिक डीएसपी की पदस्थापना की मांग उठी है। छतरपुर पूर्वी के जिपस सह फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पलामू प्रमंडलीय क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल ने सोमवार को पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी को मांग पत्र सौंपकर इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शहर के विस्तार और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और प्रभावी यातायात प्रबंधन की कमी से आम लोगों को रोज जाम झेलना पड़ रहा है। मुख्य बाजार, छह मुहान चौक, बैरिया चौक, बस स्टैंड, अस्पताल चौक और कचहरी परिसर के अलावा स्कूल कॉलेजों के आसपास सुबह शाम स्थिति गंभीर रहती है। त्योहारों और बाजार के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती है। अमित जायसवाल ने कहा कि अलग ट्रैफिक थाना और डीएसपी की व्यवस्था होने से जाम नियंत्रण, यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। यह शहरवासियों, व्यवसायियों और वाहन चालकों की सुविधा व सुरक्षा से जुड़ा जनहित का मुद्दा है। मौके पर पलामू चैंबर के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, पंकज जायसवाल, अंशुल उदयपुरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यकर्ता सामाजिक, धार्मिक व कार्य विभाग के दायित्वों का निष्ठा से करे निर्वहन : अरुण नेटके

विश्व हिंदू परिषद पलामू की महत्वपूर्ण विभागीय बैठक

बंशीधर न्यूज



मेदिनीनगर : विश्व हिंदू परिषद पलामू विभाग की महत्वपूर्ण विभागीय बैठक सोमवार को राजाभाऊ स्मृति भवन स्थित संघ कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में विहिप के केंद्रीय सहमंत्री अरुण नेटके का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, कार्यकताओं के दायित्व, सत्संग के महत्व और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अरुण नेटके ने कहा कि विहिप के प्रत्येक कार्यकर्ता को सामाजिक पुंज, धार्मिक पुंज एवं कार्य विभाग के दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्रों में सत्संग को बढ़ावा देने के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से समाज में आपसी समन्वय, संस्कार और संगठनात्मक चेतना को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कार्यकताओं से रामायण और श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के आदर्शों और संस्कारों से दूर होने के कारण समाज को लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं से माता दुर्गा की तरह शक्ति एवं आत्मबल अपनाने की अपील की। बैठक को विहिप के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक कार्यों को गति देने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में चितरंजन कुमार, महेंद्र नाथ, रविंद्र यादव, उमेश अग्रवाल, विहिप के गढ़वा जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप देव, अमित तिवारी, विवेक सिंह, आनंद चौरसिया, विकास कश्यप, पप्पू लाठ, रवि तिवारी, हिमांशु पांडेय सहित पलामू विभाग के विभिन्न प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हेलमेट पहनें, पुलिस से डरे नहीं अपनी जिंदगी सेफ रखें : एसपी



मेदिनीनगर : एसपी कपिल चौधरी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पुलिस के डर से नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी की सुरक्षा के लिए पहनें। खासकर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठने वाले लोग और महिलाएं हेलमेट पहनने में लापरवाही न बरतें। एसपी ने छतरपुर में पदस्थापित महिला पुलिस जवान बबीता कुमारी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि उन्होंने हेलमेट पहना होता तो संभव है उनकी जान बच जाती। दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे वह सुरक्षित बच गया, जबकि पीछे बैठी महिला जवान की हेलमेट नहीं पहनने के कारण मौत हो गई। एसपी ने कहा कि दोपहिया वाहन पर चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। अक्सर महिलाएं पीछे बैठते समय हेलमेट नहीं पहनतीं, जबकि दुर्घटना में उन्हें भी गंभीर चोट लग सकती है। उन्होंने कहा कि जिंदगी अनमोल है। हेलमेट पहनना यातायात नियमों का पालन करने के साथ अपनी और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने पलामूवासियों से चालक और पीछे बैठने वाले, दोनों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की।

अखाद्य रंग और मिलावट पर सख्ती, 30 किलो खाद्य सामग्री नष्ट



मेदिनीनगर : दीपावली पर खाद्य पदार्थों में मिलावट और अखाद्य रंगों के इस्तेमाल के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने चैनपुर और शाहपुर क्षेत्र की मिठाई दुकानों व खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान करीब 30 किलो खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। जांच के दौरान कुछ दुकानों में मिठाइयों में अखाद्य रंगों का इस्तेमाल पाया गया। शाहपुर में बासी समोसे, लड्डू, तैयार मिठाइयां और एक्सपायर्ड पेय पदार्थ भी मिले। इसके अलावा खाद्य लाइसेंस, साफ-सफाई और भंडारण व्यवस्था में कमियां पाई गईं। मिठाइयों को अखबार में लपेटकर बेचने के मामले भी सामने आए। टीम ने स्वीट पैलेस सहित महावीर मंदिर चौक के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों पर जुमार्ना लगाया गया और कमियों में सुधार का निर्देश दिया गया। लव कुमार गुप्ता ने कहा कि त्योहार के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मिठाइयों में अखाद्य रंग और मिलावट के मामलों में विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। अभियान में संजीव कुमार उपाध्याय, ललिता कुमारी और अभय शंकर शामिल थे। विभाग ने लोगों से मिठाइयां खरीदते समय गुणवत्ता और ताजगी का ध्यान रखने की अपील की।

भाजपाईयों ने मनाया भानू प्रताप शाही का 50 वां जन्मदिन



हरिहरपुर : पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही का 50 वां जन्मदिन सोमवार को भाजपा मंडल की ओर से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह के आवास पर जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने शामिल होकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई। उपस्थित कार्यकताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशियां साझा कीं तथा भानू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से पार्टी कार्यकताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है। जन्मदिन समारोह के दौरान कार्यकताओं में काफी उत्साह और उल्लास देखने को मिला। मौके पर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, सूर्यदेव सिंह, जगत किशोर चौबे, मुकेश चंद्र चौबे, शशांक शेखर, निर्मल विश्वकर्मा, दयाशंकर सिंह, दिलीप सिंह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, सुनील यादव, बैजनाथ शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



'रामायण' में लक्ष्मण बने रवि दुबे, दमदार योद्धा के रूप में नया पोस्टर जारी

मुंबई। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' से अभिनेता रवि दुबे का लक्ष्मण अवतार सामने आ गया है। फिल्म के निर्माताओं ने उनका सोलो कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह हाथ में धनुष-बाण थामे एक वीर योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चेहरे पर साहस, दृढ़ निश्चय और युद्ध के लिए तैयार रहने का भाव दिखाई देता है। इसके साथ ही भगवान राम के प्रति लक्ष्मण की अटूट भक्ति और समर्पण की झलक भी देखने को मिलती है। पोस्टर शेयर करते हुए निर्माताओं ने लक्ष्मण को 'एक समर्पित भाई, निडर योद्धा और राम की ढाल' बताया है। लक्ष्मण की भूमिका निभाने को लेकर रवि दुबे ने कहा कि यह किरदार उनके लिए बेहद खास और भावनात्मक है। उनके मुताबिक, लक्ष्मण ताकत, साहस, भक्ति और निस्वार्थ भावना का अनोखा संगम हैं। भगवान राम के प्रति उनका प्रेम और आदर्शों के लिए समर्पण हमेशा प्रेरणादायक रहा है। ऐसे पूजनीय किरदार को पर्दे पर निभाना उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। अभिनेता ने उम्मीद जताई कि दर्शक उनके अभिनय में इस किरदार के प्रति उनकी सच्चाई और भावनाओं को महसूस कर सकेंगे। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण और सनी देओल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। नमित मल्होत्रा की प्राइम फोकस स्टूडियोज, डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के सहयोग से बनी यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। पहला भाग 5 नवंबर 2026 को और दूसरा भाग दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगा। फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी। इसे दुनियाभर में आईमैक्स प्रारूप में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

किंग खान के जन्मदिन पर प्रशंसकों का जमावड़ा, 'मन्नत' के बाहर कड़ी सुरक्षा



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के 61वें जन्मदिन पर उनके बांद्रा स्थित आवास 'मन्नत' के बाहर प्रशंसकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रशंसक अपने पसंदीदा अभिनेता की एक झलक पाने के लिए पहुंचने लगे। भीड़ को देखते हुए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। घर के बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ाने के साथ बैरिकेडिंग की गई और वहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच भी की गई। पुलिस अधिकारी लगातार भीड़ को नियंत्रित करने और इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। शाहरुख खान का जन्मदिन हर साल उनके प्रशंसकों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होता। इस खास मौके पर देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रशंसक 'मन्नत' के बाहर पहुंचते हैं और अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हैं। शाहरुख भी अक्सर घर की बालकनी या बाहर आकर प्रशंसकों का अभिवादन करते हैं और उनके प्यार के लिए आभार जताते हैं। इस बार भी प्रशंसकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। इस बीच शाहरुख की आगामी फिल्म 'किंग' को लेकर भी चर्चा तेज है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 24 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स ने किया है। फिल्म के अंतरराष्ट्रीय वितरण को लेकर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि फर्स फिल्म के विदेशी वितरण की जिम्मेदारी संभालेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कंपनी की वैश्विक पहुंच और बाजार की समझ से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्शकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

आंध्र प्रदेश के ओंगोल में चक्रवात 'मुरासु' तट से टकराया, 21 उड़ाने रद्द, भारी बारिश की आशंका



संत महात्मा जेन जी के भटकाव को दूर कर करेंगे उनका मार्गदर्शन : स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती

धर्म नगरी काशी में आज होगा संस्कृति संसद 2026

आशीष अग्निवीर



वाराणसी : काशी में 3 से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले संस्कृति संसद 2026 के आयोजन की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। सोमवार को संत महात्माओं के सानिध्य में काशी विश्वनाथ का महारुद्राभिषेक, गंगा आरती और काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में भंडारे के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संस्कृति संसद का विधिवत श्रीगणेश मंगलवार को होगा। संस्कृति संसद में इस वर्ष मुख्य आकर्षण जेन जी कान्क्लेव होगा, इसमें संत और विद्वानों नई पीढ़ी से सीधा संवाद कर उनकी जिज्ञासा शांत करेंगे और नव भारत के निर्माण में उनकी भूमिका बताएंगे।

अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में वाराणसी के रुद्राक्ष सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में संत महात्मा जेन जी के भटकाव को दूर करने और उनके मन की बात को मन समझकर उनका मार्गदर्शन करेंगे। युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने, भारतीय ज्ञान परंपरा, ग्राम्य संस्कृति और राष्ट्रधर्म का भाव जागृत करने के लिए धर्म नगरी काशी में इसका आयोजन किया जा रहा है।

गंगा महासंघ की ओर से आयोजित संस्कृति संसद को लेकर अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल युग में युवा पीढ़ी कई मानसिक द्वंद्व और भटकाव से जूझ रही है। ऐसे में युवाओं के मन की बात सुनकर उनकी जिज्ञासाओं, तार्किक प्रश्नों और समकालीन संकायों का समाधान वैज्ञानिक व आध्यात्मिक परिप्रेक्ष्य में दिया जाएगा। जेन जी कान्क्लेव में 90 प्रतिशत भागीदारी युवाओं की होगी। हार्दिक पटेल जैसे कई युवा नेता भी जेन जी से संवाद करेंगे। बताया कि भारतीय संस्कृति केवल शरीर के रूप में सहेजने की वस्तु नहीं है, बल्कि इसे आधुनिक विज्ञान, ज्ञान और नई पीढ़ी के दैनिक जीवन से जोड़ना समय की मांग है। इस महामंथन का केंद्रीय उद्देश्य युवाओं में संस्कारों के बीज अंकुरित करना है। अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी अखिलेश्वर देवाचार्य महाराज व संयुक्त मंत्री राधे बाबा भी मौजूद रहेंगे।

संस्कृति संसद के तहत प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मुख्य कार्यक्रम तय आयोजित होंगे। वहीं, पैरासैनिक व रचनात्मक गतिविधियां भी होंगी। इसमें बच्चों की चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता और शाम को राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और संस्कार पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। जेन जी कान्क्लेव में शामिल होने के लिए देश भर से युवा पंजीकरण करा रहे हैं। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि लगभग 7000 युवाओं ने पंजीकरण कराया है।

राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने बताया कि वर्तमान में बाजार में उपलब्ध मनुस्मृति का स्वरूप मनगढ़ंत, भ्रामक और असत्य है। भारत से प्राचीन पांडुलिपियां चोरी हो गईं और अध्ययन से पता चला कि जर्मनी, चीन, कनाडा और फ्रांस के संग्रहालयों में वह पांडुलिपियां बिखरी हैं। इसे वापस लाने पर विद्वान से चर्चा की जाएगी।

पीएम मोदी ने भेजी शुभकामनाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने संस्कृति संसद 2026 के आयोजन को लेकर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि काशी युगीन से भारत की आध्यात्मिक चेतना, ज्ञान परंपरा और संवाद का प्रमुख केंद्र रही है। इस संसद में विशेष रूप से ह्यराष्ट्रीय युवा हिमालयह्ल और युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया गया है, जो प्राचीन परंपरा और युवा ऊर्जा के बीच संवाद स्थापित कर विकसित भारत के निर्माण में सहायक होगा।

संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव यूपी के डाला में रेलवे ट्रैक से बरामद



सगमा : धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुतुर गांव के हरैया टोला निवासी सुखाड़ी बैठा के 32 वर्षीय पुत्र चैन पोकलेन ऑपरेटर सकेंद्र बैठा का शव उत्तर प्रदेश के डाला रेलवे ट्रैक पर संदेहास्पद स्थिति में बरामद होने से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना रविवार की रात्रि की बताई जा रही है। मृतक का शव उसके पैतृक गांव हरैया टोला में रविवार की शाम पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों के दहाड़ मारकर रोने से माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार सकेंद्र बैठा पोकलेन मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिये लगभग 10 वर्षों से डाला में रहकर मजदूरी करता था। इसी दौरान डाला रेलवे ट्रैक पर उसका शव संदेहास्पद परिस्थिति में बरामद किया गया। हालांकि उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। घटना दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, यह जांच का विषय बना हुआ है। सकेंद्र बैठा की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक छोटी पुत्री को छोड़ गया है। जिस उम्र में उसकी पुत्री को पिता के स्नेह और संरक्षण की सबसे अधिक जरूरत थी, उसी उम्र में पिता का साया सिर से उठ जाने से परिवार के सामने दुखों के साथ-साथ भविष्य की चिंता भी खड़ी हो गई है। मृतक के पिता सुखाड़ी बैठा और अन्य परिजनों को जैसे ही इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिली, परिवार में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। ग्रामीणों के अनुसार सकेंद्र परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के लिये मेहनत-मजदूरी करता था। घटना के बाद गांव के लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सभी लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर सकेंद्र की मौत किन परिस्थितियों में हुई। परिजन भी घटना की वास्तविक वजह जानने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फिलहाल रेलवे ट्रैक पर शव बरामद होने की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने यूपी एवं धुरकी पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने की मांग की है, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके।

सुश्रुत सेवा संस्थान शिविर में 100 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



गढ़वा : सुश्रुत सेवा संस्थान की ओर से राम जानकी बाग नवादा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ टी पीयूष, डॉ पी विश्वास, डॉ अवध ठाकुर, अमोद कुमार सिन्हा, सुदामा बिंद एवं नीरज श्रीधर ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में लगभग 100 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में पुराने दर्द, मधुमेह, वायरल फीवर सहित अन्य सामान्य बीमारियों का उपचार प्रसिद्ध फिजिशियन एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ टी पीयूष तथा डॉ अवध ठाकुर ने किया। वहीं महिलाओं की स्त्री रोग संबंधी समस्याओं और चर्म रोगों के लिये स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा चर्म रोग परामर्शक डॉ पी विश्वास ने जांच कर परामर्श दिया। इस दौरान निःशुल्क ब्लड शुगर और बीपी की जांच भी की गई। जांच में तीन-चार ऐसे लोगों में मधुमेह की पुष्टि हुई, जिन्हें पहले अपनी बीमारी की जानकारी नहीं थी। मौके पर डॉ टी पीयूष ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को सुश्रुत सेवा संस्थान की निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं के प्रति जागरूक करना भी है। संस्थान पिछले दो वर्षों से नवादा में निर्धन, वंचित और जरूरतमंद लोगों को प्रतिदिन सुबह एवं शाम 7 से 8 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा सेवा दे रहा है। यहां डॉक्टर की कोई फीस नहीं ली जाती तथा जांच और दवाईयां न्यूनतम खर्च पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। मौके पर संस्थान के प्रबंधक अमरेश कुमार, सिस्टर अमृता, समरेश कुमार, मंजय कुमार, चितरंजन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

तीनों छठ घाट झरना घाट, यज्ञशाला मैदान, मेला मैदान, दोमंजिला मंदिर परिसर, बड़ा तालाब क्षेत्र की होगी सफाई

सतबहिनी झरना तीर्थ में सफाई अभियान 7 को, विधायक नरेश रहेंगे

बंशीधर न्यूज



कांडी : सतबहिनी झरना तीर्थ में समिति के द्वारा महाव्रत छठ को लेकर 7 नवंबर को वृहत सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान समिति के सभी कोटि के सदस्यों व श्रद्धालुओं से अभियान में भाग लेने की अपील की गई है। अभियान की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह विधायक नरेश सिंह करेंगे। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट महा अनुष्ठान के आयोजन को लेकर 7 को वृहत सफाई अभियान चलाये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 2 नवंबर को मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि महाव्रत छठ शुद्धता व संपूर्ण स्वच्छता का पवित्र त्यौहार है। महापर्व के दौरान यहां पर कई सुदूर प्रदेशों व राज्य के विभिन्न जिलों से लाखों की संख्या में छठव्रती, उनके परिजन व दर्शकों का आगमन होता है। इसलिये तीनों छठ घाट, झरना घाटी, यज्ञशाला मैदान, मेला मैदान, दोमंजिला मंदिर परिसर, बड़ा तालाब क्षेत्र आदि की संपूर्ण सफाई आवश्यक है। जिसे हम सभी मिलकर 7 नवंबर को बखूबी पूरा करेंगे। उन्होंने समिति के सभी कोटि के सदस्यों व सभी श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर सतबहिनी के संत हरिदास जी महाराज, नवलकिशोर तिवारी, नंदलाल दुबे, सुदर्शन तिवारी, दीनानाथ प्रसाद आदि मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)